भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय

भर्ती सूचना – 01/2019 45 कम्पनी आर्मी सर्विस कोर (सप्लाई) प्रकार 'ब'

45 कम्पनी आर्मी सर्विस कोर (सप्लाई) प्रकार 'ब' मे ग्रुप सी की रिक्तियों को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों (पुरूष उम्मीदरवार) से आवेदन आमंत्रित किए जाते है !

टिप्पणी :- आवेदन पत्र भरने से पहले अनुदेशों को ध्यान पूर्वक पढे ! किसी भी एक/ अधिक निर्देश के पूरा न होने पर आवेदन रद्द कर दिया जायेगा ।

पद का नाम (रिक्तियों की स.)	वेतन	योग्यता एंव अनुभव	वर्ग			
			अना (सामान्य)	अजा	अजजा	अपिव
फायरमैन (कुल-15)	लेवल -2 (19900-45700) रू. 19900/ प्रति माह	(I) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवी कक्षा उत्तीर्ण । (II) सभी प्रकार की आग बुझाने वाले साधनो होज फिटिंग्स और अग्निशमन उपकरण और उपस्कर अग्निशमन पम्प, फोम ब्रांच ट्रेलर आदि के उपयोग और अनुरक्षण मे निपुण होना चाहिए । (III) प्राथमिक उपचार आग बुझाने वाले उपकरण और ट्रेलर अग्निशमन पम्प का उपयोग और अनुरक्षण से परिचित होना चाहिए । (IV) विभिन्न प्रकार की लगी आग के शमन मे प्रयोग की जाने वाली अग्निशमन पद्तियों के प्रारम्भिक सिद्धांतों का ज्ञान अवश्य होना चाहिए । (V) पैर और उपकरण सम्बंधी कार्य प्रणाली का जानकार होना चाहिए और कर्मीदल के सदस्यों को आवंटित कार्य को पूरा करने योग्य हो । (VI) शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और कठिन कर्तव्यों का पालन करने मे सक्षम होना चाहिए तथा विज्ञापन मे लिखित शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए	09	02	-	04
फायर मैन मे पूर्व सैनिको के लिए आरक्षित पद की संख्या			**01**			

संक्षिप्तीकरण :- अना.(सामान्य) - अनारक्षित (सामान्य वर्ग)
अजा. - अनुसूचित जाति
अजजा - अनुसूचित जनजाति एवम
अपिव .- अति पिछड़ा वर्ग

टिप्पणी :-

(क) लिखित परीक्षा के लिए महत्व 100% प्रतिशत होगा । शारीरिक और प्रक्टिकल परीक्षा केवल स्वरूप मे उत्तीर्ण करनी अनिवार्य है ।

(ख) उपरोक्त पदो की संख्या अस्थायी है । बाद मे पदो की संख्या बिना किसी पूर्व सूचना के घटाई या बड़ाई जा सकती है ।

(ग) 10 प्रतिशत पद भूतपूर्व सैनिको के लिए आरक्षित है और संबधित वर्ग मे समायोजित किया जाएगा ।

(घ) आवेदको की संख्या को शारीरिक / प्रक्टिकल और लिखित परीक्षा के लिए घटाने हेतू आवश्यक योग्यता परीक्षा मे प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर आवेदन की जाँच हो सकती है। आवेदन पत्रो की संख्या के अनुसार एक बेंचमार्क प्रतिशत का निर्धारण किया जा सकता है |

<u>आयु सीमा</u> :-

1. **आयुसीमा फायर मेन पद के लिए**

(क) 18-25 वर्ष (अनारक्षित (सामान्य))

(ख) 18-28 वर्ष (अन्य पिछड़ा वर्ग)

(ग) 18-30 वर्ष (अनुसूचित जाति)

2. (क) **<u>आयुसीमा भूतपूर्व सैनिक के लिए</u>** - वास्तविक उम्र से सेवा की अवधि मे कटौती के बाद परिणामी आयु 3 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना उस श्रेणी के अनुसार होगी जिसके लिए आवेदन किया गया है। भूतपूर्व सैनिक के लिए कोई भी शारीरिक परीक्षण नहीं लिया जाएगा। पूर्व सैनिक का चयन संबधित श्रेणी के अनुसार समायोजित किया जाएगा।

(ख) 5 वर्ष तक की आयु मे छूट उन उम्मीदवारों के लिए है जो मूल रूप से जम्मू और कश्मीर राज्य मे 01 जनवरी 1980 से 30 दिसम्बर 1989 इस अवधि के दौरान अधिवासित किए गए थे या सरकार की नीति या आदेश के रूप मे लागू है इस आशय की प्रमाण पत्र की फोटो प्रति या तो जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी की जाती है जिसके अधिरकार क्षेत्र मे उम्मीदवार जम्मू कश्मीर सरकार द्वारा इस संबंध मे नामित किए गए है आवेदन के साथ संलग्न करना है तथा मूल प्रति को परिक्षण के समय लेकर आना है।

(ग) फायर मैन के पद के लिए सरकारी कर्मचारियों को आयु मे छूट 40 वर्ष अनारक्षित और 45 वर्ष अनुसूचित जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए है।

(घ) कोई आयु छूट अनारक्षित पद के आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए स्वीकार नहीं है।

3. न्यूनतम / अधिकतम आयु का निर्धारण आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि जो कि विज्ञापन प्रकाशित होने के 30 दिन बाद होगी के अनुसार किया जाएगा या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी।

<u>परिवीक्षा की अवधि और सेवा दायित्व</u>

4. यह पद अस्थाई है परंतु पद स्थाई होगा यदि चयनित उम्मीदवार 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूरी करता है।

5. चयनित उम्मीदवारों को अखिल भारतीय सेवा दायित्वों , फील्ड सर्विस नियमो तथा सेना अधिनियम 1950 के तहत भारत मे कही भी स्थानांतरित किया जा सकता है।

<u>शारीरिक/ प्रक्टिकल/लिखित परीक्षा</u>

6. बोर्ड अधिकारी को शारीरिक/प्राक्टिकल/लिखित परीक्षा आयोजित करने के लिए निर्दिष्ट किया जाएगा । शारीरिक / प्राक्टिकल/लिखित परीक्षा की पद्द्ति बोर्ड अधिकारी द्वारा तय की जाऐगी। शारीरिक/प्राक्टिकल परीक्षा मे प्राप्त अंक उम्मीदवारो की समग्र योग्यता का हिस्सा नहीं होगे बल्कि सिर्फ़ उतीर्ण आवश्यकता हेतू होंगे |

7. यह यूनिट विभिन्न परीक्षणो के दौरान किसी भी उम्मीदवार की चोट / म्रत्यु के मामले मे किसी भी क्षति के लिए भुगतान करने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

8. **शारीरिक परीक्षा**

फायर मैन – शारीरिक रूप से स्वस्थ एंव कठिन कर्तव्यो का निर्वहन करने मे सक्षम और निम्नलिखित शारीरिक परीक्षा मे उत्तीर्ण होना चाहिए।

(क) ऊँचाई जूते के बिना – 165 सेमी. अनुसूचित जनजाति मे शामिल सदस्यो के लिए ऊंचाई मे 2.5 सेमी. की रियायत प्रदान की जाएगी।

(ख) सीना (बिना फुलाए) - 81.5 सेमी

(ग) सीना (फुलाने पर) - 85.0 सेमी

(घ) वजन - 50 कि. ग्रा. (न्यूनतम)

(ङ) **शारीरिक क्षमता मानक**

(I) एक व्यक्ति को उठाना (फायर मैन लिफ्ट द्वारा 65.5 किलो ग्रा. वजन के व्यक्ति को 96 सेकेण्ड मे 183 मीटर की दूरी तक उठाकर ले जाना) |

(II) 2.7 मीटर चौड़ा गड्डा कूद (लम्बी कूद) |

(III) हाथ और पैर की सहायता से 3 मीटर रस्सा चढ़ना।

9. **लिखित परीक्षा** - लिखित परीक्षा चार भागो मे होगी जो कि निम्न प्रकार से होगी प्रश्न पत्र हिन्दी और अग्रेजी मे होगा। अग्रेजी का प्रश्न पत्र अग्रेजी मे ही होगा। प्रश्न पत्र के हर भाग मे 33% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

(क) फायर मैन के लिए :-

पेपर	**विषय (सभी भाग वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे)**	**प्रश्नो की सख्या**	**अंक**	**न्यूनतम उत्तीर्ण अंक**	**नकारात्मक अंकन**	**कुल समय**
भाग I	सामान्य बुद्धिमता	25	25	33%	0.25 अंक प्रत्येक गलत जवाब के लिए	दो घंटे
भाग II	अंग्रेजी भाषा	25	25			
भाग III	संख्यात्मक ज्ञान	25	25			
भाग IV	सामान्य ज्ञान (ट्रेड से संम्बंधित प्रश्न के साथ)	25	25			
कुल		**100**	**100**			

(ख) फायर मैन के लिए पाठयक्रम (दसवी कक्षा या समकक्ष के शैक्षिक मानक के अनुरूप)

(ग) लिखित परीक्षा (भाग I, II, III, IV)

(i) **भाग –1 सामान्य बुद्धिमता** परीक्षण मे अनुरूपता, समानता और भिन्नता, अन्तरिक्ष द्रश्य, समस्या समाधान विश्लेषण, निर्णय, द्रश्य स्मृति, विभेदकारी अवलोकन सबंध, अवधारणाय, भौतिक और आक्रति वर्गीकरण, अंकगणतीय संख्या श्रखंला गैर मोखिक श्रखंला आदि। परीक्षण मे अमूर्त विचारों और प्रतीकों और उनके सबंध अंकगणितीय संगणना और अन्य विश्लेषणात्मक कार्यो से निपटने के लिए उम्मीदवारों की उपलव्धता का परीक्षण करने के लिए प्रश्न नमूना / खाका भी शामिल होगा।

(ii) **भाग -2 अंग्रेजी भाषा** अंग्रेजी भाषा की समझ रखने वाले उम्मीदवारो के परीक्षण के आलावा उनके शब्दावली व्याकरण, वाक्य संरचना, समानार्थक शब्द, विलोम शब्द और इसके सही उपयोग आदि। उनकी लेखन क्षमता का परीक्षण किया जाएगा।

(iii) **<u>भाग -3 संख्यात्मक ज्ञान</u>** - इस पत्र मे नंबर सिस्टम, सम्पूर्ण संख्याओ की गणना, दशमलव, भिन्न संख्याओ के बीच सबंध, मौलिक अंकगणतीय संचालन, प्रतिशत, अनुपात, औसत, ब्याज, लाभ और हानि, छूट, तालिकाओं और ग्राफ के उपभोग मेन्सुरेशन, समय और दूरी, अनुपात और समय और काम आदि से संबंधित समस्याओ पर प्रश्न शामिल होगे ।

(iv) **<u>भाग – 4 सामान्य ज्ञान</u>** - प्रश्न उम्मीदवारों को उसके और समाज के लिए पर्यावरण के बारे मे सामान्य जागरूकता के क्षमता का परीक्षण करने के लिए किया जाएगा । प्रश्नो को वर्तमान घटनाओ के ज्ञान और हर दिन के ऐसे मामलो के परीक्षण और उनके विशिष्ट पहलुओ मे अनुभव के रूप मे डिजाइन किया जाएगा, जो एक शिक्षित व्यक्ति से उम्मीद की जा सकती है । परीक्षण मे भारत और उसके पड़ोसी देशो से सबंधित प्रश्न भी सामिल होगे, विशेष रूप से खेल, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक विज्ञान, सामान्य नीति जिसमे भारत का संविधान और वैज्ञानिक अनुसंधान और व्यापार कार्य आदि से संबधित प्रश्न शामिल है यह प्रश्न ऐसे होगे कि उन्हे किसी भी विषय के बिशेष अध्ययन की आवश्यकता नहीं है ।

10. उम्मीदवारों का चयन निम्नलिखित शर्त के अधीन भी होगा ।

(क) चिकित्सा स्वस्थता परीक्षण

(ख) पूर्व व्रत्त और चरित्र का सत्यापन ।

(ग) अ. जा. / अ. पि. व. का सत्यापन ।

(घ) शैक्षणिक और अनुभव प्रमाण पत्रों का सत्यापन ।

(ड) प्रमाण पत्र / कागजात का सत्यापन जारी करने वाली संस्था द्वारा ।

11. दस्तावेज़ सत्यापन के लिए विभिन्न विभागो / एजेंसियों आदि को पत्रो के प्रारभिक प्रेषण के 90 दिन के भीतर खण्ड 10 के (ख) से (ड) मे उल्लेखित सभी दस्तावेजो का सत्यापन आवश्यक है । यदि इस तरह के सभी पत्रो मे इस समय के भीतर कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी समाप्त हो जाएगी । 90 दिन का समय आर टी आई (RTI) अधिनियम 2005 के अनुस्मारक और लाभकारी प्रावधान भेजने के लिए पर्याप्त है ।

12. यह ध्यान दिया जाए कि चयन प्रक्रिया मे दस्तावेजो का सत्यापन केवल एक अन्य चरण है केवल दस्तावेजो के सत्यापन के लिए बुलाया जाना इंगित नहीं करता है कि उनका नाम अंतिम योग्यता सूची मे भी दिखाई देगा । आवश्यक निर्देश, शर्त, पात्रता के उल्लघन के मामले मे भर्ती के किसी भी चरण मे एक उम्मीदवार की उम्मीदवारी को रद्द किया जा सकता है ।

<u>परीक्षा के लिए केंद्र</u>

13. दस्तावेजो का सत्यापन / परीक्षा स्वागत केंद्र (भर्ती सेल) 45 कम्पनी आर्मी सर्विस कोर (सप्लाई) प्रकार 'ब' अथवा पावती कार्ड मे उल्लिखित तिथियों पर नियुक्त प्राधिकारी द्वारा निर्णय एंव घोषित स्थान पर किया जाएगा । आवेदक को 45 कम्पनी आर्मी सर्विस कोर (सप्लाई) प्रकार 'ब' या उसके अनुसार परीक्षण की तारीख और समय के अनुसार निर्धारित स्थान पर आना चाहिए । इसके लिए अलग से कोई पत्र जारी नहीं किया जाएगा । स्वीकार किए गए आवेदन पत्रों के प्रवेश पत्र को पंजीक्रत डाक द्वारा केवल उन्ही आवेदकों को भेजा जाएगा जिनके सभी सहायक दस्तावेज आयु के अनिवार्य, शैक्षिक योग्यता और अन्य मापदंडो के अनुसार पूर्ण और सही पाए गये है जैसा के ऊपर उल्लेख किया गया है । अधूरा आवेदन खारिज कर दिया जाएगा और इस सम्बंध मे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा । जो आवेदक परीक्षा के समय प्रवेश पत्र ले कर नहीं आयेंगे वह अयोग्य घोषित हो जायेंगे एवं उन्हे परीक्षा देने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा | परीक्षण 6 से 8 दिनो की अवधि मे आयोजित किया जाएगा और उम्मीदवार को उसी अनुरूप तैयार होना चाहिए । इस इकाई द्वारा यात्रा भत्ता और कोई लोंजिंग अथवा बोर्डिंग प्रदान नहीं की जाएगी ।

<u>आवेदन कैसे करें</u>

14. शर्तो को पूरा करने वाले अभ्यर्थी अपना आवेदन केवल पंजीक्रत / स्पीड पोस्ट द्वारा इस विज्ञापन मे दिये गये प्रारूप क और ख के अनुसार जमा कर सकते है और विधिवत अनुप्रमाणित फोटो प्रतियों जो के निम्नलिखित दस्तावेजो (क) से (ण) तक सलंग्न करके भेजेगें जैसा कि विधिवत अनुप्रमाणित है। फोटो ग्राफ और दस्तावेजो को आवेदन के साथ सेवारत राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ मूल प्रति नहीं भेजनी है और शारीरिक/ प्रक्टिकल/लिखित परीक्षा के दिन साथ मे लाना होगा। मूल दस्तावेजो के साथ भेजने पर आवेदन अस्वीक्रत कर दिया जाएगा और यह इकाई मूल दस्तावेजो के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगी

(क) शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र

(ख) जाति प्रमाण पत्र (अ. जा. / अ. ज. जा. / अ. पि. व. को अधिक्रत सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी किया गया)

(ग) निर्वहन डिस्चार्ज प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) (भूतपूर्व सैनिक के लिए)

(घ) जन्म प्रमाण पत्र

(ड) निवास प्रमाण पत्र

(ढ़) आधार कार्ड

(ण) चरित्र प्रमाण पत्र (6 माह के भीतर जारी)

15. उम्मीदवार को पावती /प्रवेश पत्र भेजने के लिए अपेक्षित स्वपता लिखे दो लिफाफे जिन पर 25 - 25 रू. की डाक टिकट चिपकी हो आवेदन के साथ संलग्न करने होंगे। आवेदक को लिफाफे के ऊपर बड़े अक्षरों मे आवेदन किए गये पद “आवेदन किया गया पद _______” के साथ अपना और अपने पिता का नाम लिखा होना चाहिए पावती प्रवेश पत्र प्रारूप ख के अनुसार ए-4 आकार के कोरे कागज पर अलग से टाईप किया होना चाहिए। प्रारूप ख (दो कॉपी) के बिना आवेदन या रूपये 25 की डाक टिकट चिपका हुआ व स्वपता लिखे हुए दो लिफाफे न प्राप्त होने और विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के बाद प्राप्त होने पर आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। यह इकाई आवेदन के डाक द्वारा देरी से पहुचने और निर्धारित समय के बाद पहुचने की स्थिति मे ज़िम्मेदार नहीं होगी।

16. आवेदक जिसने कि आवेदन पत्र मे गलत जानकारी दी हो, आरक्षण/फायदे के लिए गलत प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया हो, और अपने निजी स्वार्थ या लाभ के लिए गलत तरीके का इस्तेमाल किया हो उसकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रद्द कर दी जाएगी या कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात प्रकाश मे आती है तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती है।

<u>सामान्य निर्देश</u>

17. पद के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पात्रता और अन्य मापदंडो को पूरा करता है। भर्ती के किसी भी स्तर पर अपेक्षित मापदंडो को पूरा नहीं करने के लिए भर्ती प्राधिकरण आवेदन को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा और गलत तरीके से नियुक्त किये गए उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात भी उसकी सेवाये समाप्त की जा सकती है।

18. कोई भी आवेदन व्यक्तिगत रूप से या किसी प्रतिनिधि के माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी आवेदन रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट द्वारा ही स्वीकार किए जाएगे। कोरियर से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होगा। एक लिफाफे मे दो आवेदन स्वीकार नहीं होगे।

19. शारीरिक / लिखित परीक्षा के लिए कोई यात्रा भत्ता स्वीकार नहीं होगा। अभ्यार्थी परीक्षण के लिए अपने रहने का प्रबंध स्वंय करेगें। भर्ती परीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति अथवा परीक्षण के दौरान आवेदक की मत्यु के लिए यह इकाई किसी भी प्रकार के भुगतान के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

20. आवेदन जो अपूर्ण, गलत तरीके से भरा हुआ हस्ताक्षर के बिना तस्वीर के बिना टोपी पहने हुए और काले चश्मे पहने हुए फोटो के साथ **सेवारत राजपत्रित अधिकारी, फोटो / दस्तावेजो की सत्यापित प्रतियो को संलग्न किए बिना**, यदि आवेदक आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथी से कम अथवा अधिक आयु का पाया जाता है तो उसे बिना किसी कारण / सूचना के मोके पर खारिज कर दिया जाएगा। **प्राधिकरण अधिकारियों** के द्वारा किसी अन्य कारण से भी खारिज किया जा सकता है। प्रवेश पत्र केवल उन सभी उम्मीदवारों को भेजा जाएगा, जिनका आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण पाया जायेगा।

21. प्रवेश पत्र मे परीक्षण का समय और स्थान का उल्लेख किया जाएगा प्रवेश पत्र के अलावा कोई अलग पत्र नहीं भेजा जाएगा। परीक्षण के समय अभ्यार्थियों को 45 कम्पनी आर्मी सर्विस कोर (सप्लाई) प्रकार 'ब' द्वारा भेजे गए मूल मुद्रांकित प्रवेश पत्र एवं पैरा 14 से दिये गए प्रमाण पत्रो की मूल प्रति साथ मे लाना अनिवार्य होगा | एसे व्यक्ति जो प्रवेश पत्र के बिना या मूल प्रमाण पत्रों के बिना आएगें उन्हे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

22. अभ्यार्थी जिनकी एक से अधिक पत्नी है या पहली पत्नी के जिंदा होते हुए दूसरी शादी है आवेदन के योग्य नहीं है यदि इस प्रकार की कोई जानकारी सामने आती है तो परीक्षण के किसी भी चरण पर या नियुक्ति के बाद नियुक्ति प्राधिकारी नियुक्ति को समाप्त कर देगा।

23. केंद्र या राज्य सरकार मे पहले से कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए और सेवा प्रमाण पत्र तथा नियुकता से अनापत्ति प्रमाण पत्र देना चाहिए।

24. आवेदकों की संख्या के आधार पर परीक्षण के लिए उम्मीदवार को बुलाने के लिए एक बेंच मार्क प्रतिशत तय किया जाएगा। चूंकि आवेदन कम सूचीबद्ध हो सकते है आवश्यक योग्यता ओर अनुभव की मात्र पूर्ति, उम्मीदवार को लिखित। शारीरिक परीक्षण के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं देती है। प्राप्त सभी आवेदनो की जाँच की जाएगी और **प्राधिकरण अधिकारी** बाद मे शारीरिक, व्यावहारिक और लिखित परीक्षा का अधिकार सुरक्षित रखते है और इस सबंध मे किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

25. लिखित परीक्षा मे उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर अधिसूचित रिक्तियों संख्या के बराबर एक चयन पैनल तैयार किया जाएगा। चयन पैनल पर सभी उम्मीदवारों को नियुक्ति की पेशकश पहले चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण, पुलिस सत्यापन, शिक्षा और जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के आधार पर की जाएगी। रिजर्व पैनल मेरिट के अनुसार सख्ती से संचालित होगा केवल तभी जब चयन पैनल के किसी उम्मीदवार ने नियुक्त से इनकार कर दिया या अयोग्य घोषित कर दिया गया होगा। यह रिजर्व पैनल किसी भी अन्य भर्ती, इसी वर्ष या अगले वर्ष, इन्ही पद या अन्य पद के लिए योग्य नहीं माना जाएगा |

26. जो उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी मे आवेदन करते है वे केंद्र सरकार की सेवा के लिए लागू अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र संलग्न करेगें और उचित प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित पिछड़े वर्ग प्रमाण पत्र लाएगें।

27. नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द और परीक्षा अवधि के समय बिना किसी पूर्व सूचना के नियुक्ति को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

28. आवेदन पत्र एवं परीक्षा आदि मे लिखने का माध्यम केवल हिन्दी या अंग्रेजी मे होगा।

29. प्रकाशन की तारीख आवेदनो को जमा करने के दिनो की संख्या के लेखांकन की पहली तारीख होगी।

30. भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी विशिष्ट कारण के रद्द / स्थगित किया जा सकता है। नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और किसी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा। भर्ती नवीनतम संशोधनों और सभी प्रचलित सरकारी नियमो और विनियमन के अनुसार की जाएगी।

31. भर्ती से सबंधित किसी भी प्रकार का विवाद केवल आगरा न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा |

32. अभ्यार्थी का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा यदि आवेदन के साथ दिये गए लिफाफे पर पद एंव स्वयं और पिता का नाम नहीं होगा |

33. अ. जा. / अ. पि. व. के उम्मीदवार जो अनारक्षित पद के लिए आवेदन करते है उन्हे अ. जा. / अ. पि. व. के लिए कोई आयु या अन्य रियायत नहीं दी जाएगी उसी प्रकार अनुसूचित जाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को योग्यता के आधार पर चयनित किया जाता है तो सामान्य उम्मीदवारों को अ. जा. / अ. पि. व. के लिए नहीं लिया जाएगा।

34. भूतपूर्व सैनिक को पहले चुना जाएगा वे किसी भी सबंधित अ. जा. / अ. पि. व. / अना. वर्ग से हो समायोजित किया जाएगा और पद श्रेणी के आरक्षण प्रक्रिया के अनुसार विशेष श्रेणी से संबन्धित क्षैतिज रूप से समायोजित किया जाएगा। भूतपूर्व सैनिक एंव मेघावी खेल पुरूष की रिक्तियाँ भरने के बाद बाकी की श्रेणी के लिए आरक्षण पर काम किया जाएगा।

<u>**चेतावनी**</u>

35. सभी उम्मीदवारों को स्वनिर्मित एजेंटो से सावधान रहने की चेतावनी दी जाती है। और यह भी अनुरोध किया जाता है कि उनके द्वारा कोई भी गलत चलन देखा / पाया जाता है तो मेजर जनरल, आर्मी सर्विस कोर, मध्य कमान अथवा, कमान अधिकारी 45 कम्पनी आर्मी सर्विस कोर (सप्लाई) प्रकार 'ब' को सूचित करें।

36. तथ्यो या अन्य विवरणो को गलत देने पर अभ्यार्थी का आवेदन निरस्त तथा ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ अपराधिक कार्यवाही पंजीकृत की जाएगी।

मेजर
ओआईसी, रिक्रूटमेंट सेल
45 कंपनी आर्मी सर्विस कोर
(सप्लाइ) प्रकार 'ब'

प्रारूप 'क'

आवेदन पत्र

(आवेदन पत्र या तो टाइप किया जाना चाहिए या केवल ब्लू इंक बॉल प्वाइंट पेन से भरा जाना चाहिए)

फायर मैंन समूह 'ग' के पद के लिए आवेदन

45 कम्पनी आर्मी सर्विस कोर (सप्लाई) प्रकार 'ब' आगरा कैंट, पिन 282001

सेवारत राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित आवेदक के हाल का पासपोर्ट साइज का फोटो

1. अभ्यार्थी का नाम :- ______________________
2. पिता का नाम :- ______________________
3. जन्म की तारीख :- **DD / MM / YYYY** (जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार और संलग्न फोटो कॉपी विधिवत सेवारत राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित)
4. आवेदन की प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तिथि के अनुसार आयु साल / वर्ष ______महीना ________ दिन _____
5. पहचान चिन्ह __________
6. पत्र व्यवहार हेतु पता : ____________________________

   मकान स. / गली / गाँव : ___________________________

   डाक घर : ___________________________ जिला ____________________________

   राज्य : __________________________ पिन कोड __________________________
7. स्थाई पता :-

   मकान स. / गली / गाँव : ___________________________

   डाक घर : ___________________________ जिला ____________________________

   राज्य : __________________________ पिन कोड __________________________
8. सूचना / प्रवेश पत्र भेजने / विभिन्न परीक्षणों के परिणाम के लिए :-

   (क) ई मेल पता : _______________

   (ख) मोबाइल न. : (1) _______________ (2) _____________________

9. जाति : अनारक्षित (सामान्य)/ अ. पि. व. / अ. जा. ______________________(अ. पि. व. / अ. जा. संबंधित दस्तावेज सेवारत राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित संलग्न करें) |

10. वर्ग जिसके लिए आवेदन किया है अनारक्षित (सामान्य)/ अ. पि. व. / अ. जा. / भूतपूर्व सैनिक _________

11. यदि भूतपूर्व सैनिक के रूप मे पद के लिए आवेदन किया है भर्ती की तारीख (थल सेना / जल सेना / वायु सेना) ___________ सेवा निर्वात की तारीख _______ कुल सेवा__________साल _________ महीना __________ दिन _______(राजपत्रित अधिकारी सत्यापित किया हुआ पूर्व सैनिक निर्वहन प्रमाण पत्र / एन ओ सी)

12. शैक्षिक योग्यता ___________________ (सेवारत राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करें)

13. निवास प्रमाण पत्र ____________________________(सेवारत राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित फोटो कॉपी संलग्न करें)

14. मै इस बात की घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी विवरण जिनके ऊपर उल्लेखन किया है मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुरूप सही और सच है । मै समझता हूँ कि मेरे द्वारा वर्णित विवरण मे किसी भी चरण मे गलत जानकारी पायी जाती है तो किसी भी सूचना के बिना चयन प्रक्रिया से निष्कासित किया जा सकता है ।

15. मै यह भी घोषणा करता हूँ कि मै न्यायालय के साथ लंबित किसी भी अपराधिक मामले मे शामिल नहीं हूँ । अगर ऐसा पाया जाता है तो मेरी उम्मीदवारी किसी भी समय निरस्त की जा सकती है ।

दिनांक :-

(अभ्यार्थी के हस्ताक्षर)

<u>केवल कार्यालय प्रयोग हेतु</u>

<u>(आवेदको द्वारा ना भरा जाये)</u>

1. प्राप्ति की तिथि :______________________

2. स्वीकार / अस्वीकार _____________________

3. अस्वीकृति का कारण :- कम आयु / अधिक आयु / अपुर्ण दस्तावेज़ / बताया जाने वाला अन्य कोई कारण

4. सुचकांक सख्या ______________

प्रारूप 'ख'

पावती पत्र / प्रवेश पत्र

(दो कापी मे भरा एवं जमा किया जाए)

(फार्म या तो टाईप किया होना चाहिए या केवल ब्लू इंक बाँल प्वाइंट पेन से भरा जाना चाहिए)

पद : फायर मैन

आवेदक के हाल का पासपोर्ट साइज सेवारत राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित

उम्मीदवार द्वारा भरा जाना है ।

1. नाम : ______________________
2. पिता का नाम ______________________
3. जन्म की तारीख :- **DD / MM / YYYY** (जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार)
4. आवेदन की प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तिथि के अनुसार आयु साल / वर्ष ______महीना ________ दिन _____
5. वर्ग जिसके लिए आवेदन किया है :- अनारक्षित (सामान्य)/अ. पि. व. / अ. जा/ भूतपूर्व सैनिक ______________
6. पत्र व्यवहार हेतु पता :- (प्रारूप 'क' के क्रम संख्या 6 के समान)

   मकान स. / गली / गाँव : ____________________________

   डाक घर : ____________________________ जिला ____________________________

   राज्य : ____________________________ पिन कोड ____________________________

7. सूचना / पावती कार्ड भेजने / विभिन्न परीक्षणों के परिणाम के लिए :-

   (क) ई मेल पता : ________________

   (ख) मोबाइल न. : (1) ________________ (2) ______________________

8. पहचान चिन्ह ______________

सूचना :- ऊपर लिखित सभी विवरण सही एंव मेरे द्वारा भरे गए है ।

अभ्यार्थी के हस्ताक्षर

केवल कार्यालय प्रयोग हेतु

(आवेदको द्वारा ना भरा जाये)

भर्ती सेल द्वारा भरा जाना है :-

1. सूचकांक संख्या _______________
2. परीक्षण का समय एंव तारीख :-

   (क़) शारीरिक परीक्षा - _________________

   (ख) प्रक्टिकल परीक्षा - _________________

   (ग) लिखित परीक्षा - _________________

3. परीक्षा का स्थान :-

   (क़) शारीरिक परीक्षा - _________________

(ख)	प्रक्टिकल परीक्षा - ________________

(ग)	लिखित परीक्षा - ________________

4. आवेदक को ऊपर लिखे स्थान पर लिखित तारीख और समय पर मूल दस्तावेजो जोकि पेरा 14 मे अंकित है, के साथ आना होगा |

5. प्रवेश के लिए इस पत्र को मूल रूप मे दिखाना होगा |ऊपर दिये गए समय और तारीख मे देरी से आने की स्थिति मे या इस पावती पत्र / प्रवेश पत्र को न दिखाने पर अंदर आने से इनकार कर दिया जाएगा ।

(भर्ती अधिकारी के हस्ताक्षर)

davp 10602/11/0042/1920